# भारत की जनगणना–2011

## प्रेस कान्फ्रेंस दिनांक : 2 अप्रैल, 2011

## विकास भवन सभागार, देहरादून

## उत्तराखण्ड के अनन्तिम जनसंख्या आँकड़ों (Provisional Population Figures) को जारी (Release) करने हेतु प्रेस कान्फ्रेंस

**भारत की जनगणना– 2011 :** जैसा कि आप अवगत हैं भारत की जनगणना–2011 के प्रथम चरण–मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (Houselisting and Housing Census) का कार्य राज्य उत्तराखण्ड में दिनांक 1 मई, 2010 से 15 जून, 2010 तक सम्पादित किया गया। जनगणना के द्वितीय चरण–जनसंख्या की गणना (Population Enumeration) का कार्य दिनांक 9 फरवरी, 2011 से 28 फरवरी, 2011 के मध्य पूरा किया गया तथा 1 मार्च, 2011 से 5 मार्च, 2011 तक जाँच कार्य किया गया। बेघर जनसंख्या की गणना का कार्य 28 फरवरी, 2011 को रात्रि में किया गया। जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2011 के 00:00 बजे रखी गयी थी।

इस प्रकार राज्य में जनगणना–2011 के दोंनो चरणों का कार्य सफलता पूर्वक निर्धारित समयानुसार पूरा कर लिया गया है। चूँकि जनगणना प्रत्येक 10 वर्ष के अंतराल पर की जाती है अतः जनगणना के पश्चात् आँकड़ों के उपयोगकर्ताओं को जनसंख्या सम्बंधी आँकड़ों की तुरन्त आवश्यकता होती है क्योंकि पूर्व जनगणना के आकड़े पुराने एवं अप्रभावी हो जाते है। नई योजनाओं के निर्माण व नीतिनिर्धारण के लिए जनगणना के नवीनतम् ऑकड़ों की अत्यन्त आवश्यकता होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या की गणना का कार्य पूरा होने के तुरंत पश्चात् जनगणना कार्यालय के लिए दूसरा महत्वपूर्ण कार्य होता है प्रगणक द्वारा तैयार किये गये सार के आधार पर जनसंख्या के अनन्तिम आँकड़ों का त्वरित संकलन (Quick Compilation) एवं जारी (Release) करना। इस प्रकार उत्तराखण्ड राज्य से सम्बंधित मुख्य बिन्दुओं जैसे–जनसंख्या, जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर, स्त्री–पुरूष अनुपात, साक्षरता दर, जनसंख्या धनत्व आदि के अनन्तिम आँकड़ों का संकलन किया जा चुका है। भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त द्वारा दिनांक 31 मार्च, 2011 को देश स्तर

के अनन्तिम जनसंख्या आँकड़ो को जारी कर दिया गया है। आज जनगणना निदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा राज्य के जिलेवार अनन्तिम जनसंख्या आँकड़ों को जारी करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जनगणना–2011 के राज्य उत्तराखण्ड के अनन्तिम ऑकड़ों को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मैं अपार हर्ष एवं गौरव महसूस कर रही हूँ। इस अवसर पर मैं प्रदेश की समस्त जनता को जनगणना में उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूँ। जनगणना से सम्बद्ध समस्त अधिकारियों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिनके अथक परिश्रम का परिणाम है कि मैं इन ऑकड़ों के साथ आज आपके समक्ष उपस्थित हूँ। जनगणना के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने हेतु मीडिया के द्वारा दिये गये सकारात्मक योगदान के लिए भी अपनी कृतज्ञयता व्यक्त करती हूँ। जनगणना 2011 के अनन्तिम आँकड़ो पर आधारित प्रमुख निष्कर्ष निम्नवत् है। जनगणना के अंतिम आँकड़े तैयार करने में लगभग एक वर्ष लगेगा। अंतिम आँकड़े भरी हुई अनुसूचियों की स्कैनिंग, आँकड़ों के संसाधन एवं संवीक्षा (Scrutiny) के पश्चात तैयार किये जाते हैं। अतः अनन्तिम एवं अन्तिम आँकड़ों में सूक्ष्म अन्तर आ सकता है।

## मुख्य निष्कर्ष – 2011

| | भारत | | | उत्तराखण्ड | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | योग | पुरूष | स्त्रियां | योग | पुरूष | स्त्रियां |
| जनसंख्या | 1,21,01,93,422 | 62,37,24,248 | 58,64,69,174 | 1,01,16752 | 51,54,178 | 49,62,574 |
| साक्षरता दर | 74.04 | 82.14 | 65.46 | 79.63 | 88.33 | 70.70 |
| जनसंख्या की दशकीय प्रतिशत वृद्धि दर (2001–11) | | | 17.64 | 19.17 | | |
| स्त्री–पुरूष अनुपात | | | 940 | 963 | | |
| जनसंख्या धनत्व | | | 382 | 189 | | |

**कुछ अन्य महत्वपूर्ण निष्कर्ष :** उत्तराखण्ड की जनसंख्या भारत की जनसंख्या का 0.84 प्रतिशत है तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तराखण्ड का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का 1.69 प्रतिशत है। साक्षरता दर के मामले में उत्तराखण्ड़ 17 वें स्थान पर है तथा जनसंख्या के मामले में 20 वें स्थान पर है।

## जनगणना – 2011

## उत्तराखण्ड में जिलेवार व लिंगवार जनसंख्या वितरण – 2011

| क्रम संख्या | राज्य/जिला | जनसंख्या 2001 | | | जनसंख्या 2011 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | व्यक्ति | पुरूष | स्त्रियाँ | व्यक्ति | पुरूष | स्त्रियाँ |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | उत्तराखण्ड | 8489349 | 4325924 | 4163425 | 10116752 | 5154178 | 4962574 |
| 01 | उत्तरकाशी | 295013 | 152016 | 142997 | 329686 | 168335 | 161351 |
| 02 | चमोली | 370359 | 183745 | 186614 | 391114 | 193572 | 197542 |
| 03 | रूद्रप्रयाग | 227439 | 107535 | 119904 | 236857 | 111747 | 125110 |
| 04 | टिहरी गढ़वाल | 604747 | 295168 | 309579 | 616409 | 296604 | 319805 |
| 05 | देहरादून | 1282143 | 679583 | 602560 | 1698560 | 893222 | 805338 |
| 06 | गढ़वाल | 697078 | 331061 | 366017 | 686527 | 326406 | 360121 |
| 07 | पिथौरागढ़ | 462289 | 227615 | 234674 | 485993 | 240427 | 245566 |
| 08 | बागेश्वर* | 247163 | 117374 | 129789 | 259840 | 124121 | 135719 |
| 09 | अल्मोड़ा* | 632866 | 294984 | 337882 | 621927 | 290414 | 331513 |
| 10 | चम्पावत | 224542 | 111084 | 113458 | 259315 | 130881 | 128434 |
| 11 | नैनीताल | 762909 | 400254 | 362655 | 955128 | 494115 | 461013 |
| 12 | ऊधमसिंह नगर | 1235614 | 649484 | 586130 | 1648367 | 858906 | 789461 |
| 13 | हरिद्वार | 1447187 | 776021 | 671166 | 1927029 | 1025428 | 901601 |

* 2001 – 2011 के दौरान बागेश्वर जिले से 8 ग्राम अल्मोड़ा जिले में स्थानान्तरित हुए हैं अतः इन जिलों के 2001 जनगणना के ऑकड़े रिकास्ट किये गये है।

| ज्नगणना – 2011<br><br>उत्तराखण्ड में जिलेवार जनसंख्या दशकीय प्रतिशत वृद्धि दर<br>1991–2001 व 2001 – 2011 | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | राज्य/जिला | जनसंख्या का दशकीय प्रतिशत वृद्धि दर | |
| | | 1991–2001 | 2001–2011 |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | उत्तराखण्ड | 20.41 | 19.17 |
| 01 | उत्तरकाशी | 23.07 | 11.75 |
| 02 | चमोली | 13.87 | 5.60 |
| 03 | रूद्रप्रयाग | 13.43 | 4.14 |
| 04 | टिहरी गढ़वाल | 16.24 | 1.93 |
| 05 | देहरादून | 25.00 | 32.48 |
| 06 | गढ़वाल | 3.91 | -1.51 |
| 07 | पिथौरागढ़ | 10.95 | 5.13 |
| 08 | बागेश्वर | 9.28 | 5.13 |
| 09 | अल्मोड़ा | 3.67 | -1.73 |
| 10 | चम्पावत | 17.60 | 15.49 |
| 11 | नैनीताल | 32.72 | 25.20 |
| 12 | ऊधमसिंह नगर | 33.60 | 33.40 |
| 13 | हरिद्वार | 28.70 | 33.16 |

## ज्नगणना 2011

## उत्तराखण्ड में जिलेवार स्त्री–पुरुष अनुपात – 2001 व 2011

| क्रम संख्या | राज्य/जिला | स्त्री–पुरूष अनुपात (1000 पुरूषो पर स्त्रियो की संख्या) | |
|---|---|---|---|
| | | 2001 | 2011 |
| 1 | 2 | 8 | 9 |
| | उत्तराखण्ड | 962 | 963 |
| 01 | उत्तरकाशी | 941 | 959 |
| 02 | चमोली | 1016 | 1021 |
| 03 | रूद्रप्रयाग | 1115 | 1120 |
| 04 | टिहरी गढ़वाल | 1049 | 1078 |
| 05 | देहरादून | 887 | 902 |
| 06 | गढ़वाल | 1106 | 1103 |
| 07 | पिथौरागढ़ | 1031 | 1021 |
| 08 | बागेश्वर | 1106 | 1093 |
| 09 | अल्मोड़ा | 1145 | 1142 |
| 10 | चम्पावत | 1021 | 981 |
| 11 | नैनीताल | 906 | 933 |
| 12 | ऊधमसिंह नगर | 902 | 919 |
| 13 | हरिद्वार | 865 | 879 |

## जनगणना 2011

## उत्तराखण्ड में जिलेवार जनसंख्या धनत्व – 2001 व 2011

| क्रम संख्या | राज्य/जिला | जनसंख्या धनत्व (प्रति वर्ग कि0मी0) | |
|---|---|---|---|
| | | 2001 | 2011 |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | उत्तराखण्ड | 159 | 189 |
| 01 | उत्तरकाशी | 37 | 41 |
| 02 | चमोली | 46 | 49 |
| 03 | रूद्रप्रयाग | 115 | 119 |
| 04 | टिहरी गढ़वाल | 166 | 169 |
| 05 | देहरादून | 415 | 550 |
| 06 | गढ़वाल | 131 | 129 |
| 07 | पिथौरागढ़ | 65 | 69 |
| 08 | बागेश्वर | 110 | 116 |
| 09 | अल्मोड़ा | 201 | 198 |
| 10 | चम्पावत | 127 | 147 |
| 11 | नैनीताल | 179 | 225 |
| 12 | ऊधमसिंह नगर | 486 | 648 |
| 13 | हरिद्वार | 613 | 817 |

## ज्नगणना 2011

## उत्तराखण्ड में जिलेवार व लिंगवार साक्षरता दर – 2011


| क्रम संख्या | राज्य/जिला | साक्षरता दर # | | |
|---|---|---|---|---|
| | | व्यक्ति | पुरूष | स्त्रियाँ |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| | उत्तराखण्ड | 79.63 | 88.33 | 70.70 |
| 1 | उत्तरकाशी | 75.98 | 89.26 | 62.23 |
| 2 | चमोली | 83.48 | 94.18 | 73.20 |
| 3 | रूद्रप्रयाग | 82.09 | 94.97 | 70.94 |
| 4 | टिहरी गढ़वाल | 75.10 | 89.91 | 61.77 |
| 5 | देहरादून | 85.24 | 90.32 | 79.61 |
| 6 | गढ़वाल | 82.59 | 93.18 | 73.26 |
| 7 | पिथौरागढ़ | 82.93 | 93.45 | 72.97 |
| 8 | बागेश्वर | 80.69 | 93.20 | 69.59 |
| 9 | अल्मोड़ा | 81.06 | 93.57 | 70.44 |
| 10 | चम्पावत | 80.73 | 92.65 | 68.81 |
| 11 | नैनीताल | 84.85 | 91.09 | 78.21 |
| 12 | ऊधमसिंह नगर | 74.44 | 82.48 | 65.73 |
| 13 | हरिद्वार | 74.62 | 82.26 | 65.96 |

* साक्षरों में 0–6 वर्ष के बच्चे शामिल नहीं है क्योंकि 2011 की जनगणना में इन्हें निरक्षर माना गया है।

# साक्षरता दर से तात्पर्य कुल जनसंख्या में 7 वर्ष तथा अधिक आयु की जनसंख्या का प्रतिशत है।


साक्षरता दर = साक्षरो की संख्या/7 वर्ष तथा उससे अधिक आयु की जनसंख्या x 100

## उत्तराखण्ड
### जिलों का क्षेत्रफल और जनसंख्या का तुलनात्मक आकार 2011
(अनन्तिम)




1. जिलों के बार क्षेत्रफल तथा जनसंख्या में उनका प्रतिशत अंश प्रदर्शित करते हैं।
2. जिलों का क्रम उनके क्षेत्रफल के घटते क्रम में दिया गया है।

## उत्तराखण्ड
### जनसंख्या और सकल दशकीय अभिवृद्धि
### 1901 - 2011



**स्नेह लता अग्रवाल**
भारतीय प्रशासनिक सेवा
निदेशक
**जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तराखण्ड**
**भारत सरकार, गृह मंत्रालय**
**16 राजपुर रोड, देहरादून**
**फोन नं0 0135–2710061, 2651765**